RNI: MPHIN/2023/88510

# भोपाल हेडलाइंस




संपादकः- संतोष योगी वर्ष-01 अंक-16 भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मोबाईनल नं. 9993268143

## फार्मेसी काउंसिल कार्यालय में मारपीट का आरोप, सोमवार को घेराव और ज्ञापन देने की घोषणा

भोपाल हेंडलाइन, भोपाल।



मध्य प्रदेश फार्मासिस्ट काउंसिल के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को एक फार्मेसी विद्यार्थी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार युवक किसी कार्य से कार्यालय पहुँचा था और गार्ड से संबंधित अधिकारी से मिलने की अनुमति मांग रहा था। गार्ड द्वारा प्रवेश नहीं देने पर दोनों के बीच हल्की कहासुनी हो गई।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने युवक को एक कमरे में बंद कर सामूहिक रूप से उसकी पिटाई कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक हुई इस घटना से परिसर में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

पीड़ित युवक मामले की शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। घटना ने शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की मनमानी और अनुशासनहीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं फार्मासिस्ट काउंसिल प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है।

इस बीच, फार्मेसी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुग्रीव साहू ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने घोषणा की कि सोमवार, दिनांक 01 दिसंबर 2025 को फार्मेसी काउंसिल कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास को ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा काउंसिल कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

सुग्रीव साहू ने सभी फार्मेसी विद्यार्थियों और संगठनों से अपील की है कि वे इस कठिन समय में समर्थन देने के लिए उपस्थित हों।

## संविधान दिवस पर गुदावल में भगवान बुद्ध और बाबा साहब की प्रतिमा का हुआ अनावरण

भोपाल हेंडलाइन,

ओबेदुल्लागंज से बजरंग तवर की रिपोर्ट संविधान दिवस पर बोधिसत्व गुरु रविदास धार्मिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति गुदावल द्वारा रविदास मंदिर के पास भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं दुनिया को शांति का संदेश देने वाले भगवान तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि पूज्य भिक्खुनी धमभिन्या जी विशेष अतिथि सुनील बोरसे जी, जय सिंह कृषिवज्ञानिक भोपाल सुप्रसिद्ध गायक राजू भरती सुनील सेरिया पार्षद व अध्यक्ष अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी ओ पी गोदिया अध्यक्ष वाल्मीकि महासभा,सुनील वाल्मीकि प्रदेश सचिव वाल्मीकि महासभा,विजय वर्मा रेहटी, मुकेश जाटव,सर्जन सिंह बौद्ध राजगढ़, धनीराम छावनी पठार, आयोजक समिति अध्यक्ष कमल सिंह , उपाध्यक्ष मनफूल अहीरवार , सचिव जितेंद्र अहिरवार , कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अहिरवार और विजय अहिरवार सोनू जाटव , अजय कुमार सुरेश इंदौरिया , गणेश बोध , गब्बर बोध सहित प्रदेश भर से लगभग पांच सौ से अधिक लोगो ने कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मध्य प्रदेश आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमीन (AIMIM) के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान का प्रथम नगर आगमन

AIMIM मध्य प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान साहब का कल दोपहर 1 बजे शहर आगमन हुआ तमाम कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के जिम्मेदारों ने नई ऊर्जा के साथ पूरे शहर में इस्तकबाल किया मोहसिन अली खान साहब लगभग 1:30 बजे AIMIM पार्टी कार्यालय बहौराबाग़ हंफिया मस्जिद के सामने पहुंच कर कार्यकर्ताओं ओर जिम्मेदारों से मुलाकात की उसके बाद अपने तय शुदा कार्यक्रमों में शिरकत की मोहसिन अली खान साहब शाम 6 बजे अपने कार्यकर्ता अशफाक उल्ला खा वार्ड MiM पूर्व जिला उपाध्यक्ष इम्तियाज अहमद अंसारी जी से मुलाकात करने ओर वार्ड की स्थिति जानने उनके निवास पर पहुंचे जहां भारी संख्या में इम्तियाज अहमद अंसारी के समर्थक नौजवान साथी, महिलाएं,बस्ती के बुजुर्ग लोग मौजूद थे जिन्होंने बड़ी ही गर्म जोशी के साथ एमआईएम प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान साहब का इस्तकबाल (स्वागत) पगड़ी पहनाकर फूल माला ओर शाल डाल कर किया साथ ही उपस्थित रहे AIMIMसरफराज खान, AIMIM अध्यक्ष शहजाद अंसारी जावेद अमन शारिक अंसारी असलम खान नसीम अंसारी महफूज अंसारी इरफान खान जावेद खान मेहताब मंसूरी इकबाल मंसूरी महबूब अंसारी मोहम्मद अंसारी इस्लाम पान जीशान खान अरमान खान सिद्धू शिबू मंसूरी सरफराज बला समीर खान सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भोपाल में आयोजित हुआ एलुमनाई मीट "मिलाप "

भोपाल हेंडलाइन।

मिलेनियम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, भोपाल में गत सप्ताह एलुमनाई मीट मिलाप का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 2007 से 2020 के बैच के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। वर्षों बाद अपने साथियों से मिलकर सभी के चेहरों पर उत्साह और पुरानी यादों की चमक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में संगीतमय संध्या का विशेष आयोजन किया गया, जहाँ छात्रों ने पुराने दिनों को याद करते हुए गीत, हँसी और खुशी के पलों का आनंद लिया। कैंपस की पुरानी क्लासरूम्स,

### ऐसा लगा , मानो वक्त ठहर गया हो : चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव



कैंटीन के मज़ेदार पल, और दोस्तों के साथ बिताए यादगार लम्हों को सभी ने दिल से याद किया। जो छात्र शामिल नहीं हो पाए, उन्होंने वीडियो कॉल और मैसेज के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की।

संस्थान द्वारा तैयार किया गया ÷यादगार फ़ोटो फ्रेम÷ एलुमनाई को बेहद पसंद आया और उन्होंने इसे अपनी यादों का खूबसूरत हिस्सा बताया। मिलेनियम ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने सभी पूर्व छात्रों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अपने छात्रों को आज विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित, सफल और नेतृत्व की भूमिकाओं में देखकर गर्व महसूस होता है। वहीं सीईओ डॉक्टर शिशिर निगम, सीएओ आरएस यादव समेत सभी स्टाफ मेंबर्स ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुराने स्टूडेंट्स का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम खुशी, अपनापन और स्मृतियों से भरा हुआ रहा, जिसने सभी के दिलों में एक बार फिर कॉलेज जीवन की मीठी यादों को ताज़ा कर दिया। स्टूडेंट्स ने अपने कॉलेज के समय के किस्से सभी से साझा किए और अपनी लाइफ एवं परिवार की बातें सभी से शेयर की। एलुमनाई मीट में फार्मेसी, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, एजुकेशन, के स्टूडेंट्स शामिल हुए ।

## अपना घर में हिमोफिलिया जागरूकता शिविर, मरीजों ने बताया बेहद लाभकारी

भोपाल हेंडलाइन, भोपाल।

अपना घर इंटास फाउंडेशन द्वारा हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों के लिए एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क फैक्टर-8 थेरेपी, फिजियोथेरेपी सेशन और सेल्फ-इन्फ्यूजन ट्रेनिंग दी गई, जिससे वे भविष्य में सुरक्षित तरीके से उपचार ले सकें।

कैंप का संचालन डॉ. अनुरागिनी तिर्की (स्ब्ब्क्र, जनरल फिजिशियन) की देखरेख में किया गया। उन्होंने मरीजों को हीमोफीलिया की रोकथाम, सही देखभाल,




प्राथमिक उपचार और आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. फौजिया रानी ने मरीजों को जोड़ों की मजबूती, दर्द नियंत्रण और ब्लीडिंग एपिसोड को कम करने में मदद करने वाली महत्वपूर्ण एक्सरसाइज़ सिखाईं। मरीजों ने इन सेशनों को अत्यंत उपयोगी और प्रभावी बताया।

शिविर में इंटास फाउंडेशन के प्रोजेक्ट एसोसिएट राजेश चौहान, अपना घर काउंसलर सुनीता नायडू और मध्य प्रदेश हीमोफीलिया काउंसलर रवि चौहान भी मौजूद रहे। टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हीमोफीलिया मरीजों में जागरूकता बढ़ाना, नियमित फिजियोथेरेपी के महत्व को समझाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

शिविर में कई मरीजों और उनके परिजनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इंटास फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। यह कार्यक्रम मरीजों के स्वास्थ्य सुधार और जीवन गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि पर भारत रत्न देने की मांग

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल। 19वीं सदी के सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि पर समग्र पिछड़ा वर्ग सामाजिक संगठन के प्रदेश संयोजक राम विश्वास कुशवाहा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि फुले दंपति—ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले—को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि फुले दंपति का जीवन दर्शन और उनके योगदान को स्कूलङ्ककॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। पुष्पांजलि सभा में पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व अपर कलेक्टर जी.पी. माली ने कहा कि फुले दंपति की मूर्तियाँ



प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में लगाई जानी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को प्रेरणा मिल सके।

कार्यक्रम भोपाल के सात नंबर बस स्टॉप स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टर राजेंद्र कुमार अंबेडकर, इंजीनियर प्रकाश मालवीय, हरि सिंह सैनी, कृष्ण गोपाल कश्यप, दिनेश सैनी, सुखदेव कश्यप, जगदीश सोलंकी, सी.एस. यादव, अनिल सैनी, वीरेंद्र सैनी, प्रो. आर.जी. चौकसे सहित अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खजूरी कला में मंदिर तोड़े जाने पर समाजसेवी मृणालिनी सिंह सेंगर का बड़ा बयान

भोपाल हेंडलाइन, भोपाल।

गोविंदपुरा के खजूरी कला क्षेत्र में मंदिर तोड़े जाने की घटना को लेकर समाजसेवी मृणालिनी सिंह सेंगर ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों को तोड़ना आस्था पर प्रहार है और ऐसी घटनाओं को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

मृणालिनी सिंह सेंगर ने प्रशासन से घटना पर तत्काल कार्रवाई की मांग की और कहा कि



दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों का संरक्षण सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है, और धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ लोगों की भावनाओं को आहत करती है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी शांति बनाए रखने और प्रशासन को निष्पक्ष जांच का अवसर देने की अपील की।

## 'संसार के सुखों में दुख निहित, भगवान की कथा में ही परमानंद' : मुरलीधर महाराज

भोपाल हेंडलाइन, संतोष योगी की खबर

भोपाल। जंबूरी मैदान में आयोजित संगीतत्ळमयी श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिवस अंतरराष्ट्रीय संत मुरलीधर महाराज ने कहा कि संसार के सुख क्षणिक हैं, जबकि भगवान की कथा में मिलने वाला आनंद ही परमानंद है। उन्होंने शिवङ्कउमा संवाद के माध्यम से भागवत कथा की महिमा का वर्णन किया और



जीवन को सार्थक बनाने के लिए तीर्थ, भजन और कथा श्रवण पर बल दिया।

मंच से प्रस्तुत भजनों और चौपाइयों—÷अजब बनाओ खिलौना माटी को÷, ÷सीता राम की प्यारी रजधानी लागे÷—पर पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कथा में लगभग 2200 श्रद्धालु उपस्थित रहे, जबकि आयोजन स्थल पर 25 हजार वर्गफीट का विशाल पंडाल बना है। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के प्रवक्ता बलवंत सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह आयोजन सनातन धर्म और संस्कारों के प्रचार हेतु किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्लास्टिक मुक्त व्यवस्था अपनाई गई और रामचरितमानस की प्रतियों का वितरण किया गया।

# समाजसेवी डॉ. लक्ष्मी मीणा एवं प्रतिज्ञा फाउंडेशन की विशेष पहल- विकलांग बाल आश्रम में उम्मीद का उजाला

**भोपाल हेंडलाइन संतोष योगी भोपाल।**

समाज की प्रगति का सही मापदंड यह है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के जीवन में कितना प्रकाश भर पाता है। इसी उद्देश्य के साथ समाजसेवी डॉ. लक्ष्मी मीणा और प्रतिज्ञा फाउंडेशन की टीम ने सेवा भारती प्रकल्प, गांधीनगर (भोपाल) स्थित विकलांग बाल आश्रम का दौरा किया। यह केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भरा वह क्षण था, जिसने बच्चों के साथ-साथ टीम के सदस्यों के हृदय को भी गहराई से छुआ।




मासूम मुस्कानों के बीच संवाद की एक अनोखी सुबह आश्रम में विशेष आवश्यकता वाले किशोर लड़कों ने टीम का मुस्कुराहटों से स्वागत किया। टीम ने बच्चों से उनकी दिनचर्या, पढ़ाई, संगीत और खेल गतिविधियों के बारे में विस्तार से बातचीत की। एक बच्चे ने बताया–

÷मुझे सुबह भजन सुनना बहुत अच्छा लगता है, इससे मन शांत होता है।÷

दूसरे ने मुस्कुराते हुए कहा–

÷मैं ढोलक बजाना सीख रहा हूँज् गुरुजी कहते हैं कि मैं अच्छा सीख रहा हूँ।÷

पढ़ाई के प्रति बच्चों की उत्सुकता देखते ही बनती थी। कई बच्चे कंप्यूटर सीखने की इच्छा रखते हैं, जबकि कुछ कविता और कहानियों में विशेष रुचि दिखाते हैं। खेल-कूद की सीमित क्षमताओं के बावजूद उनमें जो ऊर्जा और जज्बा दिखाई देता है, वह प्रेरणादायक है।

**स्वल्प आहार वितरण और भावनात्मक क्षण:** प्रतिज्ञा फाउंडेशन द्वारा बच्चों को स्वल्प आहार प्रदान किया गया। यह केवल भोजन नहीं, बल्कि स्नेह और सम्मान का प्रतीक था। बच्चों का ÷धन्यवाद÷ कहना टीम के लिए भावनात्मक क्षण था। यह स्पष्ट था कि उन्हें प्रेम और अपनापन सबसे अधिक सुख देता है।

**कैमरे में कैद हुई आशा की दुनिया:** फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से बच्चों की मुस्कुराहटों और प्रतिभा को समाज तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। डॉ. लक्ष्मी मीणा ने कहा–

÷इन बच्चों में असीम संभावनाएँ हैं। बस हमें इन्हें प्रोत्साहन, समय और सही संसाधन देने होंगे।÷

**आश्रम की आवश्यकताएँ और समाज का उत्तरदायित्व:** संवाद के दौरान यह भी सामने आया कि आश्रम को व्हीलचेयर, शैक्षणिक सामग्री, फिजियोथेरेपी सुविधा और स्वयंसेवकों की अत्यंत आवश्यकता है। यह आवश्यकताएँ इस बात का संकेत हैं कि समाज यदि थोड़ा-सा सहयोग दे, तो इन बच्चों का जीवन कहीं अधिक उज्ज्वल हो सकता है। सेवा का सार–हृदय को जोड़ने वाली कड़ी

प्रतिज्ञा फाउंडेशन और डॉ. मीणा का स्पष्ट संदेश है–

÷सेवा वस्तुओं का नहीं, भावना का दान है। बच्चों के साथ समय बिताना भी सबसे बड़ा सहयोग है।÷

अंत में–समाज के लिए एक प्रेरणा

इस विशेष दौरे ने एक ही सीख दी–

इन बच्चों की मुस्कान हमारी जिम्मेदारी भी है और हमारा सौभाग्य भी।

समाज से अपील है कि वह आगे आए, इन बच्चों का हाथ थामे और उनके भविष्य की रोशनी में अपना योगदान दे।

# गोहरगंज घटनाः आरोपी सलमान गिरफ्तार, करणी सेना ने की फांसी की सज़ा की मांग

**भोपाल हेंडलाइन /भोपाल।**



गोहरगंज में हुई गंभीर घटना के आरोपी सलमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद क्षत्रिय करणी सेना मध्य प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष आशु सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब आरोपी को कठोरतम सज़ा मिलनी चाहिए।

आशु सिंह ने कहा कि ÷ऐसे जघन्य अपराध करने वालों को तुरंत फांसी जैसी कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।÷ उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे प्रकरणों में त्वरित न्याय प्रक्रिया अपनाई जाए। उन्होंने यह भी बताया कि करणी सेना का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सहायता प्रदान करेगा और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर साथ खड़ा रहेगा। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है और लोग आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# IAS संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी पर उफना ब्राह्मण समाज, राजनीतिक मौन पर उठे सवाल-कांग्रेस में बेबाकी से हेमंत कटारे ने भरा खालीपन

**भोपाल हेंडलाइन /भोपाल।**



आई ए एस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद प्रदेशभर का ब्राह्मण समाज आक्रोशित है। धार्मिक और सामाजिक अस्मिता पर चोट माने जा रहे इस बयान ने जहाँ सामान्य जनमानस में नाराज़गी पैदा की है, वहीं राजनीतिक गलियारों में भी इस मुद्दे पर चुप्पी कई सवाल खड़ी कर रही है।

ब्राह्मण संगठनों का कहना है कि ÷ये केवल एक टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरे समाज का अपमान है।÷ विभिन्न जिलों में बैठकों, ज्ञापनों और विरोध कार्यक्रमों की तैयारी तेज़ हो गई है। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों का मानना है कि इस घटना ने ब्राह्मण समाज की उपेक्षा के उस पुराने दर्द को फिर उभार दिया है, जिसे लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जाता रहा है।



**भाजपा नेताओं की खामोशी चर्चा का विषय:** राजनीतिक मंचों पर प्रदेश के बड़े ब्राह्मण चेहरे माने जाने वाले नेता– डॉ. नरोत्तम मिश्रा, वी.डी. शर्मा, हितानंद शर्मा, गोपाल भार्गव सहित कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा अब तक कोई कठोर प्रतिक्रिया न देने को लेकर समाज में निराशा का भाव है।

कई ब्राह्मण संगठनों का कहना है कि राजनीतिक नेतृत्व का यह मौन उस समय और खटकने लगता है जब समाज पर प्रत्यक्ष चोट करने वाली घटनाओं पर भी केवल ÷राजनीतिक सुविधा÷ को प्राथमिकता दी जाती है।

## कांग्रेस में भी खानापूर्ति प्रतिक्रिया–लेकिन एक नाम उदय हो रहा है

कांग्रेस पक्ष में भी स्थिति बहुत अलग नहीं दिखी। अधिकतर ब्राह्मण नेताओं ने औपचारिकता निभाते हुए एक–दो लाइन के ट्वीट कर अपनी जिम्मेदारी खत्म मान ली। समाज की भावनाओं के अनुसार जो दृढ़ प्रतिक्रिया अपेक्षित थी, वह दिखाई नहीं दी।

ऐसे समय में कांग्रेस के युवा और तेजतर्रार नेता हेमंत कटारे की बेबाक प्रतिक्रिया पार्टी के अंदर एक अलग ही संदेश दे रही है। कटारे ने न केवल संतोष वर्मा की टिप्पणी की कठोर निंदा की, बल्कि स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'ब्राह्मण समाज का अपमान किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा।'

उनकी यह खुली और निर्विवाद प्रतिक्रिया समाज में सकारात्मक तौर पर देखी जा रही है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में कांग्रेस में प्रभावी ब्राह्मण नेतृत्व की कमी साफ दिखाई दे रही थी। ऐसे में यही खालीपन अब हेमंत कटारे भरते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी साफ–सुथरी, मुखर और निर्भीक राजनीति उन्हें ब्राह्मण समाज के उभरते हुए प्रमुख चेहरों में शामिल कर रही है।

# गौहरगंज प्रकरण : ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने की हमीदिया अस्पताल में पहुंचकर किया प्रदर्शन , आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**भोपाल हेंडलाइन /भोपाल।**

गौहरगंज में 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का प्रतिनिधिमंडल हमीदिया अस्पताल पहुंचा जमकर नारेबाजी की कमेटी ने सरकार से आरोपी सलमान के खिलाफ कड़े और त्वरित कदम उठाने की मांग की। कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि ऐसे अपराध समाज को शर्मसार करते हैं और पूरे समुदाय की छवि को खराब करते हैं। उन्होंने कहा कि ÷सलमान जैसे अपराधियों की वजह से मुस्लिम समाज की बदनामी होती है। ऐसे मामलों में सरकार को कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में सख्त संदेश जाए।÷



प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश खान, भोपाल जिला अध्यक्ष अदनान सैयद, आरिफ खान नासिर भूरा भाई सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कमेटी ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग देने की बात कही और सरकार से न्याय सुनिश्चित करने की अपील की। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी जो पुरस्कार देने की बात कहीं थी अपराधी को पकड़ने वालों को वह पुरस्कार भी जल्द देगी

# संविधान बचाओ-देश बचाओ महारैली 6 दिसंबर को इंदरगढ़ में: चंद्रशेखर आज़ाद होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल हेंडलाइन संतोष योगी की खबर 99932 68143/भोपाल।**

आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) 6 दिसंबर को दतिया जिले के इंदरगढ़ में ÷संविधान बचाओक्ष्देश बचाओ÷ महारैली का आयोजन कर रही है। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पार्टी का कहना है कि यह रैली हाल के समय में बढ़ती गैर-संवैधानिक गतिविधियों और जातिगत घटनाओं के खिलाफ संगठित आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से की जा रही है।



रैली की जानकारी देते हुए डीपीएसएस प्रमुख एवं एएसपीक्ष्भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता दामोदर यादव ने भोपाल में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि मध्य प्रदेश पिछले कुछ वर्षों से ÷आडंबर, पाखंड और अंधविश्वास फैलाने वाले कथित संतों का केंद्र÷ बनता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री और प्रदीप मिश्रा जैसे लोग संविधान के बजाय 'मनुवाद' को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके जवाब में यह राष्ट्रीय आंदोलन शुरू किया जा रहा है। यादव ने कहा कि दतिया का इंदरगढ़ वही स्थान है जहाँ हाल ही में धीरेंद्र शास्त्री और दामोदर यादव के समर्थकों के बीच पुतला दहन के दौरान विवाद और हिंसक झड़प हुई थी। उन्होंने बताया कि इसी घटनाक्रम के विरोध और संविधान की रक्षा के संदेश के साथ यह महारैली आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर ग्वालियरक्ष्चंबल अंचल की ÷क्रांतिकारी भूमि÷ से बड़े आंदोलन की शुरुआत होगी। इस रैली में ओबीसी आरक्षण पर लगे 13 प्रतिशत होल्ड हटाने, प्रमोशन में आरक्षण लागू करने और धीरेंद्र शास्त्री व प्रदीप मिश्रा की कथाओं पर प्रतिबंध लगाने जैसे मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा कि प्रेम विवाह निजी विषय है और किसी भी जाति या धर्म की बेटी का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संतोष वर्मा ने क्षमा मांग ली है, इसलिए मामले को आगे बढ़ाने के बजाय वर्ग संघर्ष से बचना चाहिए।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए यादव ने कहा कि संविधान की प्रति दिखाकर सामाजिक न्याय की बात करने वाली कांग्रेस तब मौन रही जब ग्वालियर में बाबा साहेब की प्रतिमा के मुद्दे पर तनाव बढ़ा और धीरेंद्र शास्त्री पूरे देश में ÷गैर-संवैधानिक यात्राएँ÷ करते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि ओबीसी आरक्षण और सिविल जज भर्ती जैसे मुद्दों पर कांग्रेस की चुप्पी यह सिद्ध करती है कि वह आरक्षण विरोधी है और ÷भाजपा की बीक्ष्टीम÷ की तरह काम कर रही है। इस अवसर पर अमर सिंह ,कमल सिंह कुशवाहा , अमोल रावत, अमित बांसोड़, राजकुमार प्रजापति, आदि।

# आईएएस संतोष वर्मा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कर्मचारियों का मंत्रालय पर प्रदर्शन

**भोपाल हेंडलाइन ,भोपाल।**

ब्राह्मण समाज की बेटियों पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच एवं सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले हजारों कर्मचारियों ने मंत्रालय परिसर के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संतोष वर्मा की तत्काल गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग करते हुए नारेबाजी की।




धरने को कर्मचारी नेता अशोक पांडे, सुधीर नायक, उमाशंकर तिवारी, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, रामनारायण आचार्य, अनूप शर्मा और हरिशरण द्विवेदी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में आरोप लगाया गया कि संवर्ग एवं समाज की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली टिप्पणी के बाद भी सरकार ने छह दिन बीत जाने के बावजूद न तो एफआईआर दर्ज की है और न ही संतोष वर्मा के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई की है। इससे पूरे प्रदेश के सवर्ण वर्ग के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। पांडे ने दावा किया कि संतोष वर्मा ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आईएएस पद पर प्रमोशन लिया, लेकिन इस मामले में भी सरकार द्वारा अब तक जांच शुरू नहीं की गई है, जिससे कर्मचारी वर्ग में असंतोष और भी बढ़ गया है।

धरने में शामिल नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की तो प्रदेश भर के कर्मचारी mass leave (सामूहिक अवकाश) लेकर उग्र आंदोलन करेंगे और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही चेतावनी दी गई कि जब तक आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर, बर्खास्तगी और उच्च स्तरीय जांच का आदेश नहीं होता, तब तक इस आंदोलन को चरणबद्ध रूप में जारी रखा जाएगा।

कर्मचारियों ने इस दौरान सरकार पर ÷मौन रवैया अपनाने÷ का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल नोटिस जारी करना और बयान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

# गौहरगंज घटना के विरोध में मिसरोद में प्रदर्शन, कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा




**भोपाल हेंडलाइन ,भोपाल।**

रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुई गंभीर घटना के विरोध में सोमवार को मिसरोद के सकल हिंदू समाज ने मिसरोद नगर में विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मिसरोद थाने के माध्यम से प्रशासन को भेजा गया।

हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने आरोपी सलमान उर्फ नज़र (पिता शाहबुद्दीन) को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इस दौरान हिंदू संगठन से जुड़े मुकेश जोशी ने अजय पाटीदार के नेतृत्व में कहा कि आरोपी पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

ज्ञापन में मांग की गई कि घटना जघन्य है, इसलिए आरोपी को या तो कड़ी कानूनी सजा दी जाए या ऐसे कदम उठाए जाएँ जो अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करें। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई होना आवश्यक है और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान सागर खटीक, लोकेश पाटीदार, उमेश साहू, अरविंद पाटीदार, कपिल नाथ सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी प्रकाशक मुद्रक एवं संपादक संतोष योगी द्वारा मां शारदा प्रिंटर्स मकान नंबर 28 कुमार पुरा चर्च रोड जिंसी चौराहा जहांगीराबाद भोपाल मध्य प्रदेश से प्रकाशित 462008 से मुद्रित एवं मकान नंबर 549 अन्ना नगर हबीबगंज बीएचएल हज़ूर भोपाल मध्य प्रदेश 462023 से प्रकाशित सभी न्यायालय मामलों के लिए जिला न्यायालय भोपाल रहेगा RNI: MPHIN/2023/88510, मोबाईनल नं. 9993268143